## 1–(अभ्यर्थी मोबाइल पंजीकरण)

इस भाग में अभ्यर्थी को Buy Your Form Here (आवेदन–पत्र क्रय करें) पर क्लिक करने के बाद IMPORTANT POINTS (महत्वपूर्ण बिन्दु) का पृष्ठ खुलेगा जिसे अभ्यर्थी ध्यान पूर्वक पढ़ लें। इसके बाद इसी पृष्ठ के अन्त में दिये गये CONTINUE बटन को क्लिक करने के बाद अपनी व्यक्तिगत सूचनाएँ जैसे– मोबाइल नम्बर, अभ्यर्थी का पहला नाम, अभ्यर्थी का मध्य नाम, अभ्यर्थी का अन्तिम नाम, ई–मेल, निवास– (बिहार के मूल निवासी, दूसरे राज्य/प्रदेश के निवासी), श्रेणी– (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग) सही–सही भरें ।

गैर गृह रक्षक कोटि के आवेदक यदि आवेदन–पत्र में स्वयं को गृह रक्षक कोटि का घोषित करेंगे तो इसका पता चलने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसी प्रकार आवेदन–पत्र में यदि अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) के आवेदक स्वयं को पिछड़ा वर्ग (BC) या पिछड़ा वर्ग (BC) के आवेदक स्वयं को अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) के रूप में घोषित करते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी । इसी प्रकार यदि अनुसूचित जाति (SC) के आवेदक स्वयं को अनुसूचित जनजाति (ST) या अनुसूचित जनजाति (ST) के आवेदक स्वयं को अनुसूचित जाति (SC) के रूप में घोषित करते हैं तो उनकी भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। अतः ऐसे आवेदक पूर्णतः आश्वस्त हो लें कि वे किस वर्ग अथवा जाति में हैं ।

**आरक्षित वर्ग के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपनी कोटि/श्रेणी/जाति/वर्ग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की वेबसाइट– www.csbc.bih.nic.in एवं बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर जारी तत्संबंधी अद्यतन आदेशों का अवश्य अध्ययन कर लें ।**

**यहाँ अभ्यर्थियों को यह अवगत कराना है कि एक मोबाइल नम्बर से केवल 1 (एक) ही ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरा जा सकेगा । अतः आप अपना मोबाइल नम्बर आवेदन–पत्र भरने के लिये किसी अन्य अभ्यर्थी को न दें ।**

यदि किसी कारणवश आपका कम्प्यूटर बंद हो जाता है या इन्टरनेट कनेक्शन विच्छेदित हो जाता है तो वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर Buy Your Form Here (आवेदन–पत्र क्रय करें) पर क्लिक कर उक्त प्रक्रिया पुनः दोहरायी जायेगी । इस भाग के प्रमुख बिन्दु निम्न हैं–

1. Mobile Number (मोबाइल नम्बर):- यहाँ आपको अपने 10 अंकों के मोबाइल नम्बर को प्रविष्ट करना है। अपना मोबाइल नम्बर सही–सही भरें । किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नम्बर न भरें।

2. Confirm Mobile Number By Retyping(दोबारा अंकित कर अपने मोबाइल नम्बर की पुष्टि करें) :–यहाँ आप अपने 10 अंकों के मोबाइल नम्बर को पुनः प्रविष्ट कर अपने मोबाइल नम्बर की पुष्टि करें।
3. Candidate's First Name (अभ्यर्थी का पहला नाम):- यहाँ आपको अपने पहले नाम को अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में प्रविष्ट करना है, जैसे – यदि आपका नाम RAJESH KUMAR RANJAN है तो अपने पहले नाम RAJESH को यहाँ प्रविष्ट करें।
4. Confirm Candidate's First Name By Retyping (दोबारा अंकित कर अपने पहले नाम की पुष्टि करें) :–यहाँ आप अपने पहले नाम को अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में दोबारा प्रविष्ट कर पहले नाम की पुष्टि करें।
5. Candidate's Middle Name (अभ्यर्थी का मध्य नाम) :-यहाँ आपको अपने मध्य नाम को अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में प्रविष्ट करना है, जैसे–यदि आपका नाम RAJESH KUMAR RANJAN है तो अपने मध्य नाम KUMAR को यहाँ प्रविष्ट करें । यदि आपका Middle Name मध्य नाम नहीं है तो उसे खाली छोड़ दें, कुछ भी न लिखें।
6. Confirm Candidate's Middle Name By Retyping (दोबारा अंकित कर अपने मध्य नाम की पुष्टि करें):– यहाँ आप अपने मध्य नाम को अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में दोबारा प्रविष्ट कर मध्य नाम की पुष्टि करें।
7. Candidate's Last Name (अभ्यर्थी का अन्तिम नाम) :- यहाँ आपको अपने अन्तिम नाम को अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में प्रविष्ट करना है, जैसे–यदि आपका नाम RAJESH KUMAR RANJAN है तो अपने अन्तिम नाम RANJAN को यहाँ प्रविष्ट करें। यदि आपका Last Name अन्तिम नाम नहीं है तो अन्तिम नाम में XXX लिख दें ।
8. Confirm Candidate's Last Name By Retyping (दोबारा अंकित कर अपने अंतिम नाम की पुष्टि करें):– यहाँ अपने अन्तिम नाम को अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में दोबारा प्रविष्ट कर अन्तिम नाम की पुष्टि करें ।
9. Candidate's e-mail (अभ्यर्थी का ई–मेल):- यहाँ आपको अपनी ई–मेल आइ0 डी0 (e-mail Id) को अँग्रेजी के छोटे अक्षरों में प्रविष्ट करना है जो अनिवार्य है। यदि आपकी अपनी ई–मेल आइ0डी0 (e-mail Id) नहीं है तो इस स्थिति में अपनी ई–मेल आइ0डी0 (e-mail Id) अवश्य बना लें क्योंकि ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के क्रम में शुल्क के भुगतान सम्बन्धी अथवा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ आपके ई–मेल आइ0डी0 (e-mail Id) पर दी जायेंगी ।

10. Choose Domicile (निवास स्थान चुनें) :-यहाँ आप अपने मूल निवास को सावधानी पूर्वक चुनें/सेलेक्ट करें । यदि आपका मूल निवास बिहार है तो 'Bihar' सेलेक्ट करें और यदि आप किसी अन्य राज्य/प्रदेश के मूल निवासी हैं तो 'Other' सेलेक्ट करें।
11. Category (वर्ग/कोटि/जाति/श्रेणी चुनें) :- यदि आपने उपरोक्त क्रम में 'Bihar' सेलेक्ट किया है तो यहाँ आपको अपनी Category (वर्ग/कोटि/जाति/श्रेणी) सेलेक्ट करनी है, जैसे – यदि आप अनुसूचित जाति के हैं तो SC सेलेक्ट करें, यदि आप अनुसूचित जनजाति के हैं तो ST सेलेक्ट करें, यदि आप अत्यंत पिछड़ा वर्ग के हैं तो EBC सेलेक्ट करें, यदि आप पिछड़ा वर्ग के हैं तो BC सेलेक्ट करें और यदि आप सामान्य श्रेणी/कोटि/जाति के हैं तो GEN सेलेक्ट करें ।

## Warning (चेतावनी)

इसी पृष्ठ पर दिये गये Minimum Maximum Age Criteria for Recruitment of warder की तालिका दी गयी है जिसमें प्रत्येक वर्ग/कोटि/जाति/श्रेणी की महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों के लिए दिनांक–01.01.2015 को न्यूनतम–अधिकतम आयु की कट–ऑफ तिथि को दर्शाया गया है । **सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि उक्त तालिका का अवलोकन अवश्य करें, तत्पश्चात उक्त पद हेतु यदि आपकी आयु संबंधी पात्रता पूरी होती है तभी ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरें क्योंकि शुल्क का भुगतान किये जाने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा ।**

## Security Code (सुरक्षा कोड)

इसी पृष्ठ के अन्त में अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में दिये गये सुरक्षा कोड को Please Enter Characters Shown Above के ऊपर जैसा कोड दिख रहा है ठीक वैसा ही टाईप करना है । सुरक्षा कोड सही टाईप न होने पर Domicile (निवास स्थान) व Category (वर्ग/कोटि/जाति/श्रेणी) को पुनः चुनना होगा तथा सुरक्षा कोड पुनः टाईप करना होगा।